HINDI – A
(New Syllabus)
2022
PART-A

Total Time : 3 Hours 15 minutes] [Total Marks : 80

Instructions to the Candidates :
1. ***Special credit will be given for answers which are brief and to the point.***
2. ***Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.***
3. ***Figures in the margin indicate full marks for the questions.***

PART-A

(Marks : 50)

1. प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में लिखिए। किसी **एक** खण्ड के दोनों प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है। $5 \times 2 = 10$

खण्ड – क

(i) 'कुटज' की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ii) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

'आत्मनस्तु कामाय सर्व प्रियं भवति'

खण्ड – ख

(i) 'नशा' कहानी के प्रमुख पात्र की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(ii) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

'खुदा नेक की नेकी बनाए रखे और बद की बदी माफ करे।'

https://www.westbengalboard.com

2. प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों का उत्तर अधिकतम **100** शब्दों में लिखिए। किसी **एक** खण्ड के दोनों प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है। $5 \times 2 = 10$

खण्ड – क

(i) जीवन की नश्वरता के संदर्भ में कबीर के भावों का विश्लेषण कीजिए।

(ii) ससंदर्भ आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए :

जाकर चित अहि गति सम भाई। अस कुमित्र परिहरेहिं भलाई।

खण्ड – ख

(i) 'हो गई है पीर पर्वत सी' कविता में विद्रोह का आह्वान है। — स्पष्ट कीजिए।

(ii) ससंदर्भ आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए :

अवकाश वाली सभ्यता

अब आने ही वाली है।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए (प्रश्न का उत्तर अधिकतम **200** शब्दों में हो) : $5 \times 2 = 10$

(i) महावीर प्रसाद द्विवेदी के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालिए।

(ii) छायावादी काव्य धारा की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(iii) निराला का पूरा नाम बतलाते हुए उनके साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालिए।

(iv) प्रगतिवादी कवि दिनकर की साहित्यिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

https://www.westbengalboard.com

4. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए (प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **300** शब्दों में हो) : $10 \times 1 = 10$

(i) वैश्विक महामारी कोरोना के दुष्परिणामों पर चर्चा करते हुए अपनी छोटी बहन को पत्र लिखिए।

(ii) शिक्षण संस्थानों में बढ़ती अनुशासन-हीनता में सुधार के लिए शिक्षा मंत्री को पत्र लिखिए।

(iii) पश्चिम बंगाल में आए 'अम्फान' की विभीषिका पर एक रिपोर्ताज लिखिए।

5. (क) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए (कोई **दो**) : $1 \times 2 = 2$

(i) बच्चे गली में गिल्ली-डण्डा खेल रहे थे।

(ii) इंटर क्लास की हालत उसमें भी बदतर।

(iii) अब सुन्दर देई अपने घर की मालिक हुई है।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को यथानिर्देश बदलकर लिखिए (कोई **दो**) : $1 \times 2 = 2$

(i) लड़के से तुम कल युवा पुरुष हो जाओगे। (संयुक्त वाक्य में)

(ii) एक आदमी जिसकी पीठ पर बड़ा सा गट्ठर बँधा था, कलकत्ते जा रहा था। (सरल वाक्य में)

(iii) कृष्णनगर में तो कोई खास तब्दीली नहीं आई। (प्रश्नवाचक वाक्य में)

(ग) यथानिर्देश उत्तर दीजिए : $1 \times 6 = 6$

(i) संधि-विच्छेद कीजिए (कोई **दो**) :

शिवालिक, अन्तर्भूत, परमावश्यक। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) समास विग्रह कीजिए (कोई **दो**) :

हवन-सामग्री, नीलोत्पल, शताब्दी। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) उपसर्ग तथा मूल शब्द पृथक कीजिए (कोई **दो**) :

बेहया, बदबख्ती, उपस्थित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

https://www.westbengalboard.com

(iv) प्रत्यय पृथक कर मूल शब्द लिखिए (कोई **दो**) :

प्रतिनिधित्व, नैतिक, तमीजदार। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) निम्नलिखित वाक्यों में से कोई **दो** कारक चुनिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(a) कुटज इन मिथ्याचारों से मुक्त है।

(b) पुरानी सभ्यता के लोग थे।

(c) सारा संसार अपने मतलब के लिए ही तो जी रहा है।

(vi) किन्हीं **दो** मुहावरों के अर्थ लिखिए :

खून सूखना, आकाश को चूमना, पानी-पानी होना। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

============

https://www.westbengalboard.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.westbengalboard.com